आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक

# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 165 | उज्जैन, गुरूवार 08 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## तय समय पर पूरी हों सभी वृहद परियोजनाएं : मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य की सभी विकास परियोजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति में गति लायी जाए और हर स्तर पर नियोजन की स्पष्टता हो। मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि परियोजनाओं की सफलता का मूल मंत्र समर्पण, पारदर्शिता और समय प्रबंधन है। उन्होंने कहा कि अधूरी अथवा लंबित परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य में तेजी लायी जाए, जिससे जनहित में समय रहते लाभ पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में जल संसाधन विभाग की वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की 126 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में प्रदेश में चल रही विभिन्न वृहद परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के हर पहलू को प्राथमिकता दे रही है। सरकार के प्रयासों का जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिले, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

### *इन 2 वृहद परियोजनाओं को मिली मंजूरी*

इसके तहत वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 वृहद परियोजनाओं को मंजूरी दी। टर्न की पद्धति पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) पेट्रोकेमिकल परियाजना के लिए महुता घाट के डाउनस्ट्रीम में बैराज एवं संबंधित कार्यों का निर्माण कराया जाएगा। विदिशा एवं सागर जिले में इस परियोजना के तहत 42.94 मिलियन घन मीटर जल संग्रहण क्षमता वाला बांध निर्माण किया जाएगा। कुल 229.78 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली इस वृहद परियोजना में 6.6 कि.मी. लम्बाई की पाइप लाइन बिछाने का काम, पम्प हाउस एवं इंटेकवेल के निर्माण सहित 1.25 मेगावाट के पम्प हाउस का निर्माण कार्य भी कराया जाएगा।

## आतंक के खिलाफ भारत की कार्रवाई को दुनिया का मिला साथ, अजित डोभाल ने इन देशों के एनएसए से की बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भारत ने मंगलवार की आधी रात को ले लिया। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत ने एयर स्ट्राइक कर तबाह कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहर भारत ने पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर के 9 जगहों पर आतंकियों और उनके ठिकानों पर स्ट्राइक की।

देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने अपने विदेशी समकक्षों से बात की। डोभाल ने यूएस एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो, यूके एनएसए जोनाथन पॉवेल, सऊदी एनएसए मुसैद अल ऐबन, यूएई एनएसए एचएच शेख तहनून, यूएई के एनएससी के महासचिव अली अल शम्सी और जापान के एनएसए मसाटाका ओकानो को इस बारे में जानकारी दी।

**समकक्षों से डोभाल ने की बात**

इसके अलावा डोभाल ने रूसी एनएसए सर्गेई शोइगु, सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और पीआरसी के विदेश मामलों के मंत्री वांग यी और फ्रांसीसी राष्टपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बोन के साथ भी चर्चा की।जैश के मुखिया आतंकी मसूद अजहर ने स्वीकारा है कि भारत की स्ट्राइक में उसके परिवार के 10 सदस्य व चार करीबी मारे गए।

## पाकिस्तान के लिए वो खौफनाक 25 मिनट, भारतीय सेना ने चुन-चुनकर ध्वस्त की आतंक की 9 फैक्ट्री




नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। अब भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकी शिविरों पर भारतीय हमलों का पहला वीडियो जारी किया है। नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर सफलतापूर्वक नष्ट किया गया।

भारतीय सेना की तरफ से आतंकी ठिकानों का पहला वीडियो सामने आया है। कोटली आतंकी ठिकाने का एक वीडियो शेयर करते हुए भारतीय सेना ने कहा, कोटली में अब्बास आतंकी शिविर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आत्मघाती हमलावरों का ट्रेनिंग सेंटर था और इसमें 50 से ज्यादा आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी जाती थी। बताया जा रहा है, अब्बास कैंप (कोटली)- ये एलओसी से 13 किलोमीटर दूर है। लश्कर ए तैयबा के फिदायीन यहां तैयार होता था। इसकी कैपेसिटी 50 आतंकियों को ट्रेंड करने की थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकी शिविरों पर भारतीय हमलों का वीडियो जारी किया। भारतीय सेना ने मुजफ्फराबाद,बहावलपुर, मुरीदके, सियालकोट, कोटली, बाघ, गुलपुर, भिंबेर और शकरगढ़ का भी वीडियो शेयर किया है।

## हनुमान जी के आदर्शों का पालन किया, ऑपरेशन सिंदूर के बाद बोले राजनाथ सिंह- उन्हीं को मारा जिन्होंने मासूमों की जान ली




नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक संबोधन के दौरान पाकिस्तान को जमकर धोया है। उन्होंने बीआरओ के प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कहा कि कल रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है।

राजनाथ ने कहा कि भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। किसी भी नागरिक ठिकाने सिविलियन पॉपुलेशन को जरा भी प्रभावित न होने की संवेदनशीलता दिखाई है।

अशोक वाटिका और हनुमान का किया जिक्र- राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना को संपूर्ण सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी साधुवाद देता हूं। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था, जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे' अर्थात केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने, 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च करके पहले की तरह ही इस बार भी आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंप्स को तबाह करके करारा जवाब दिया है।

राजनाथ ने कहा कि भारत ने अपनी सरजमीं पर हुए हमले का जवाब देने के लिए अपने राइट टू रिस्पॉन्ड का इस्तेमाल किया है। हमारी यह कार्रवाई, बेहद सोच-समझकर, सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई महज़ उनके कैंप और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर तक ही सीमित रखी गई है।

## सरकार को पूरा समर्थन, भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का लिया बदला; क्या बोली कांग्रेस



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15वें दिन भारत ने आतंक के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है और एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद कांग्रेस की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा, पाकिस्तान और पीओके में आतंकवाद के सभी स्रोतों को नष्ट करने की भारत और प्रतिबद्धता सर्वोच्च राष्ट्रीय हित में निहित है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर भारतीय सेना पर गर्व जताया है।

मल्लिकार्जुन खरगे की प्रतिक्रिया- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जनु खरगे ने भी ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, हमें अपने भारतीय सशस्त्र बलों पर बहुत गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया है।

सरकार को पूरा समर्थन- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इस ऑपरेशन को लेकर कहा कि एकता और एकजुटता का समय है। उन्होंने कांग्रेस का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी से स्पष्ट रूप से कहा है कि पहलगाम हमले पर राष्ट्र की प्रतिक्रिया में सरकार को उसका पूरा समर्थन है।

## पीएम मोदी ने दिया था ऑपरेशन सिंदूर का नाम, गुप्त बैठक में बताई थी वजह



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पहलगाम हमले का बदला ले लिया है। बीती रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह किया। सेना ने 9 आतंकी ठिकानों को मिसाइल अटैक में निशाना बनाया। इन आतंकी कैम्पों में जैश, हिजबुल जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालय और ठिकाने भी शामिल हैं।

भारतीय सेना ने इस बदले की कार्रवाई का नाम Operation Sindoor रखा है। हालांकि, इस ऑपरेशन का नाम पीएम मोदी ने खुद दिया था।

# पाकिस्तान ने देखी सिंदूर की ताकत




नई दिल्ली (एजेंसी)। हर सैन्य ऑपरेशन का एक नाम तो होता ही है, लेकिन आपरेशन सिंदूर का संदेश कुछ खास है। एक पखवाड़े पहले पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने जिस वीभत्सता के साथ धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी और उनकी विधवाओं का सिंदूर उजाड़ा था, उसी सिंदूर ने आतंकियों के आकाओं को लाल कर दिया।

वस्तुत- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिए गए इस नाम ने शुरूआत में ही ऑपरेशन से जुड़े तीनों सेना के वीर जवानों को यह स्पष्ट संदेश दे दिया था कि आक्रमण इतना सटीक और भीषण होना चाहिए कि फिर भारत में किसी के सिंदूर पर हमला करने से पहले सौ बार सोचें।

भारत मे तो ऐतिहासिक रूप से भी सदियों तक धर्म के नाम पर सिंदूर पर हमला होता रहा था। वैसे बुधवार की सुबह कार्रवाई की ब्रीफिंग में भी दो महिला अफसरों को उतारकर यह संदेश भी दे दिया कि यहां की बहनें खुद भी सक्षम हैं।

युद्ध को ज्यादा खींचना नहीं चाहेगा पाकिस्तान- युद्ध की शुरूआत होती है तो दोनों ओर कुछ न कुछ नुकसान तो होना तय है, लेकिन मात्र 25 मिनट में पाकिस्तान के अंदर बैठे आतंकियों को जिस तरह उनके गढ़ में ही दफनाया गया वह केवल प्रतिशोध और सामरिक शक्ति नहीं बल्कि कुशल रणनीति और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से ही संभव था।

उम्मीद जताई जा रही है भारत के संकल्प को देखते हुए पाकिस्तान भी इस युद्ध को ज्यादा खींचना नहीं चाहेगा। भारत ने पाकिस्तान के पास इसके लिए बहुत विकल्प छोड़ा भी नहीं है क्योंकि भारत की ओर से स्पष्ट किया गया है कि कोई भी हमला पाकिस्तान की सेना पर नहीं किया गया है। फिर भी पाकिस्तान जिद दिखाता है तो भारत ने हर तैयारी कर रखी है।

विपक्ष बार-बार पूछ रहा था सवाल - पिछले एक पखवाड़े से देश के अंदर एक तरफ जहां प्रतिशोध की ज्वाला भड़क रही थी वहीं धीरे धीरे यह चर्चा भी होने लगी थी कि पाकिस्तान को भी तैयारी का पूरा मौका मिल जाने के बाद क्या अब कोई कार्रवाई संभव होगी।

यही कारण है कि शुरूआत मे ही सरकार के हर फैसले के साथ होने की दावा करने वाले विपक्षी दलों की ओर से इसे हवा दिया जाने लगा था। बार बार पूछा जाने लगा था कि कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है, राफेल रूपी खिलौने मे नींबू और मिर्च बांधकर उपहास उड़ाया जाने लगा था। अगर सचमुच सरकार के फैसले के साथ थे तो फिर सवाल क्यों। कार्रवाई का इंतजार क्यों नहीं।

# यहां 10 से 15 मिसाइलें गिरी और सब कुछ..., पाकिस्तानी नागरिक ने बताया कैसे मची तबाही



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारतीय सेनाओं ने सूद समेत बदला ले लिया है। मंगलवार आधी रात भारतीय सेनाओं ने पीओके में घुस कर आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया। आतंकियों के ठिकानों पर हुए इस एक्शन के बाद पहली बार पार पाकिस्तानी नागरिकों की प्रतिक्रिया सामने आई है।

समाचार एजेंसी ने रॉयटर्स के हवाले से बताया कि बुधवार की सुबह गोलाबारी की खबर मिली, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर के मुजफ्फराबाद में एक मस्जिद नष्ट हो गई। वहीं, वहां के स्थानीय निवासी ने अहमद अब्बासी ने कहा, अचानक गोलाबारी शुरू हो गई। मुझे लगता है कि यहां करीब 10 से 15 मिसाइलें गिरी होंगी।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने क्या कहा- ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारती सेनाओं ने क्क्षय में आतंकियों के 9 ठिकानों निशाना बनाया और उनको नष्ट कर दिया। इस बीच पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता और आईएसपीआर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने भारतीय मिसाइल हमलों की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि 24 हमलों की रिपोर्ट मिली है। बुधवार को सुबह 4:08 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, भारत की ओर से अलग-अलग हथियारों से कुल 24 हमलों की रिपोर्ट मिली है। समाचार एजेंसी के अनुसार, डीजी आईएसपीआर ने बताया कि बहवलपुर के अहमदपुर ईस्ट में सुबहान मस्जिद के पास चार हमले किए गए। जामिया मस्जिद सुबहान अल्लाह जैश-ए-मोहम्मद और उसके संस्थापक मौलाना मसूद अजहर का गढ़ है। जैश-ए-मोहम्मद भारत में पुलवामा हमले समेत कई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। डीजी आईएसपीआर ने बताया कि परिसर में एक मस्जिद को नष्ट कर दिया गया। वहीं, आईएसपीआर ने मुजफ्फराबाद में बिलाल मस्जिद के पास भी हमले की खबर दी है। सियालकोट के कोटली, मुरीदके, कोटकी लोहारा और शकरगढ़ के पास भी हमलों की पुष्टि हुई है।

वहीं, नई दिल्ली में बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाना जरूरी है। उन्होंने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि पाकिस्तान जानबूझकर दुनिया और अंतरराष्ट्रीय मंचों को गुमराह करने के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हाल ही में हुए हमले ने जम्मू-कश्मीर और भारत के अन्य हिस्सों में गहरी नाराजगी पैदा की है। हमलों के बाद, भारत सरकार ने स्वाभाविक रूप से पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों से संबंधित प्रारंभिक उपायों के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की। यह आवश्यक समझा गया कि 22 अप्रैल के हमले के अपराधियों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।

# भारत के हमले में पाकिस्तान में 26 आतंकियों की मौत, 46 घायल; पंजाब प्रांत में लगी इमरजेंसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम (क्क्षद्धड्डद्यद्दड्ड ञ्जद्गह्ल्ह्रह्म-ह्लह्वड्ढ) में हुए आतंकी हमले और उसमें मारे गए निर्दोष लोगों की मौत का बदला लेते हुए भारत ने पाकिस्तान और पीओके के 9 स्थानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया।



46 आतंकी हुए घायल

भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए हमले में आतंकवादियों के ठिकानों समेत कई आतंकियों का भी सफाया किया गया है। अब पाकिस्तान ने बयान जारी कर बताया है कि इस एयर स्ट्राइक में 26 आतंकियों की मौत हुई है और 46 आतंकी घायल हुए हैं।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इंमरजेंसी- भारत द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने यह एलान किया है।

पीएम मोदी ने की कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता- भारत द्वारा पाकिस्तान के 9 स्थानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कैबिनेट को बताया कि ऑपरेशन बिल्कुल योजना के अनुसार ही किया गया और इसमें किसी भी तरह की कोई गलती नहीं हुई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना ने पहले से की गई विस्तृत तैयारियों का सख्ती से पालन करते हुए अत्यंत सटीकता के साथ मिशन को अंजाम दिया।

## पता था कि कुछ होने वाला है... पाकिस्तान पर भारत की एयर स्ट्राइक को लेकर बोले ट्रंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर किए गए हमलों पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका को पता था कि कुछ होने वाला है और उन्हें उम्मीद है कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा। एक प्रेस कान्फ्रेंस में एक सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि हमने ओवल रूम में अंदर आते ही इसके बारे में सुना। मुझे लगता है कि हम अतीत के कुछ अंशों के आधार पर जानते थे कि कुछ होने वाला है।

भारत और पाकिस्तान का स्पष्ट संदर्भ देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे कई दशकों और सदियों से लड़ रहे हैं। नहीं, मैं बस यही उम्मीद करता हूँ कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए।

अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए से की बात- पाकिस्तान पर भारतीय हवाई हमले के तुरंत बादएनएसए अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की। इसकी जानकारी भारतीय दूतावास ने दी। सूत्रों के मुताबिक,वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों ने अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब, यूएई और रूस के अपने समकक्षों से बात की।

## ऑपरेशन सिंदूर से सहमा पाकिस्तान, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ बोले- हमले बंद कर दो, हम कुछ नहीं करेंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के 9 स्थानों पर आधी रात में एयर स्ट्राइक कर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों का बदला ले लिया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सैन्य कार्रवाई में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय समेत 9 ठिकानों को तबाह किया गया है।

पड़ोसी मुल्क में छाई खामोशी- पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा कूटनीतिक एक्शन लिए जाने के बाद से पाकिस्तान के तमाम बड़े नेताओं द्वारा गीदड़भभकी दी जा रही थी, तो अब पड़ोसी मुल्क में खामोशी छा गई है। भारत के इस सैन्य कार्रवाई को दोनों देशों के बीच युद्ध की शुरुआत के संकेत के तौर पर देखा जा रहा था।

हालांकि, पाकिस्तान ने अब युद्ध शुरू होने से पहले ही युद्धविराम का एलान कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि हम अपनी रक्षा करेंगे। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा है कि अगर भारत और कोई कार्रवाई नहीं करता है तो हम भी कुछ नहीं करेंगे।

## Operation Sindoor पर क्या बोली पूरी दुनिया? ट्रंप से लेकर चीन और इजरायल तक का आया बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बीती रात भारतीय सेना ने पाक को कड़ा सबक सिखाया है। आतंकियों का गढ़ बन चुके पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों पर सेना ने हमला किया।




Operation Sindoor के नाम से किए गए इस हमले में जैश और हिजबुल के कई आतंकी मारे गए। खुद पाकिस्तान के अनुसार मिसाइल हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी शिविरों पर उसके सटीक हमले उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

भारत की इस कार्रवाई के बाद अमेरिका, चीन समेत कई देशों के बयान सामने आए हैं।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से ट्रंप ने कहा, हमने अभी इसके बारे में सुना है। मुझे लगता है कि लोगों को अतीत के कुछ अंशों के आधार पर पता था कि कुछ होने वाला है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए।

अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- हम शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं- अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं और साथ ही उन्होंने कहा कि वाशिंगटन परमाणु-सशस्त्र एशियाई पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में बातचीत जारी रखेगा। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रुबियो से बात की और उन्हें भारत की सैन्य कार्रवाईयों के बारे में जानकारी दी।

## एयर स्ट्राइक के बाद अमेरिका ने जारी की डू नॉट ट्रैवल की चेतावनी, अपने नागरिकों से की भारत-पाक सीमा से दूर रहने की अपील

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन ने बुधवार को अमेरिकी नागरिकों को एक सुरक्षा चेतावनी जारी की है। इसमें अमेरिका ने अपने नागरिकों से संघर्ष क्षेत्रों से निकल जाने की सलाह दी है।




यह चेतावनी भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च करने के कुछ घंटों के बाद आया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी स्थानों को टारगेट करते हुए पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया है।

अमेरिकी मिशन ने बयान जारी कर कही, ÷हम पाकिस्तान में भारत द्वारा एयर स्ट्राइक की रिपोर्ट के बारे में जानते हैं। हम इसपर बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। अमेरिकी नागरिकों को भारत-पाकिस्तान सीमा के आसपास के क्षेत्रों के लिए डू नॉट ट्रैवल सलाह जारी की गई है।इससे पहले, अमेरिकी राज्य विभाग ने मार्च में एक यात्रा सलाहकार जारी कर अपने नागरिकों से पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने और सशस्त्र संघर्ष की क्षमता के कारण पाकिस्तान की यात्रा न करने का भी आग्रह किया था।

भारत का ऑपरेशन सिंदूर- इधर, भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ये स्पष्ट किया गया है कि यह हमला आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया था और इस दौरान कोई भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधाओं पर अटैक नहीं किया गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चीन को हुआ दर्द, पाकिस्तान की हालत पर कहा- हमें अफसोस है...

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तान के 9 स्थानों पर एयर स्ट्राइक कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लिया है। मंगलवार रात 1 बजे से लेकर 1.30 बजे चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है। इस बीच चीन ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर बयान दिया है। चीन ने पाकिस्तान के अंदर भारत के सैन्य अभियान पर एतराज जताते हुए इसे खेदजनक कहा है। चीन ने कहा है कि जिस तरह के हालात भारत और पाकिस्तान में बन रहे हैं, हम उसे लेकर चिंतित हैं।



चीन ने दोनों पक्षों से बातचीत का रास्ता अपनाने की अपील की है। बयान जारी कर चीन ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान हमेशा से एक-दूसरे के पड़ोसी हैं और पड़ोसी ही रहेंगे। चीन का कहना है कि वह सभी तरह के आतंकवाद के सभी रूपों का विरोध करता है।

भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद आई चीन की प्रतिक्रिया में उसने दोनों देशों से शांति बनाए रखने की अपील की है। चीन ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान संयम बरतें और ऐसे कदम उठाने से बचें जिससे स्थिति और खराब हो जाए।

भारत द्वारा किए गए सैन्य अभियान के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने दावा किया है कि तुर्की के विदेश मंत्री ने पाक विदेश मंत्री से फोन पर बात की और भारत की ओर से पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के खिलाफ एकजुटता जताई है।

# भारत पर और हमले की तैयारी में थे आतंकी, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने दिया बड़ा अपडेट



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई मंगलवार देर रात करने के पीछे एक वजह यह भी था कि भारत को इस बात की ठोस खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी भारत के भीतर और हमले की तैयारी में है। यह जानकारी विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को सुबह आपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी।

मिसरी ने कहा कि, भारत ने आज सुबह सीमा पार हमलों का जवाब देने, उनका प्रतिरोध करने व रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। यह नपी-तुली, अनुपातिक व जिम्मेदारीपूर्ण है। यह आतंक की इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त क रने र भारत में भेजे जाने वाले संभावित आतंकवादियों को अक्षम बनाने के लिए की गई है। हमारी खुफिया निगरानी ने यह संकेत दिया है कि भारत के विरुद्ध आगे भी हमले हो सकते हैं अतः इनको और उनसे निपटना बेहद आवश्यक समझा गया है।

भारत ने कई देशों के साथ साधा संपर्क- उधर, विदेश मंत्रालय की तरफ से जानकारी मिली है कि आपरेशन सिंदूर को अंजाम देने के साथ ही भारत ने दुनिया के कई देशों के साथ संपर्क साधा है और इस कार्रवाई के पीछे की आवश्यकता के बारे में अपना पक्ष रखा है। भारत ने खास तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, सऊदी अरब और यूएई की सरकारों को आपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी है। हमला मंगलवार रात्रि पहल में 1.30 बजे हुआ और उसके कुछ ही घंटे बार एनएसए डोभाल ने सबसे पहले अमेरिका के एनएसए व विदेश मंत्री से अलग अलग बात की। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान भी आया कि उन्हें भारत की तरफ से किये गये हमले की जानकारी मिली है।

## हैमर, स्कैल्प मिसाइलें और राफेल... आधी रात में पाकिस्तान में यूं हुआ खेल



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन में तीनों सेनाओं की भागीदारी रही। यह 2019 में बालाकोट ऑपरेशन के बाद से भारत द्वारा किया गया सबसे बड़ा सीमा पार सटीक हमला है।

ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल किए गए हथियार- भारत ने इस ऑपरेशन में अत्याधुनिक और लंबी दूरी के हमलावर हथियारों का इस्तेमाल किया। इनमें स्कैल्प क्रूज मिसाइल, हैमर प्रिसिज़न बम और लोइटरिंग म्यूनिशन शामिल थे। स्कैल्प क्रूज मिसाइल इस मिसालइ को ब्रिटेन में स्टॉर्म शैडो के नाम से जाना जाता है। फ्रांसीसी-ब्रिटिश लंबी दूरी की, कम दृश्यता वाली हवा से जमीन पर मार करने वाली क्रूज मिसाइल है। इसे यूरोपीय रक्षा कंपनी MBDA द्वारा बनाया गया है। यह भारत के 36 राफेल जेट्स का हिस्सा है।

स्कैल्प की विशेषताएं-

रेंज- 250-560 किमी (लॉन्च की ऊंचाई के आधार पर)

गति- सबसोनिक, स्छुष्द्ध 0.8 (लगभग 1000 किमी/घंटा)

वजन- लगभग 1300 किलोग्राम

## क्या हर आतंकवादी मारा गया, एक और पहलगाम नहीं होगा; कांग्रेस नेता ने ऑपरेशन सिंदूर पर उठाए सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया था। अब कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इस ऑपरेशन पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या इस ऑपरेशन में सभी आतंकवादी मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो यह अच्छा है। अल्वी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार ने सेना से जो भी कहा था, उन्होंने वहीं किया।

समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए राशिद अल्वी ने कहा, इससे बेहतर जवाब दिए जाने की जरूरत है, यह न्यूनतम है। हमारी सेना ने वही किया जो भारत सरकार ने उन्हें करने के लिए कहा था, लेकिन सवाल फिर से उठता है कि क्या हर आतंकवादी मारा गया? क्या एक और पहलगाम नहीं होगा?

कांग्रेस नेताओं से अलग है अल्वी का बयान- उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आतंकवादियों की बची हुई जमीन को नष्ट कर दिया जाएगा। अगर ऐसा हुआ है, तो यह अच्छा है। हालांकि, जहां कांग्रेस के आलाकमान ने एयर स्ट्राइक का स्वागत किया है, तो वहीं अल्वी का बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई शीर्ष नेताओं के बयानों से बिल्कुल अलग है।

## क्या पाकिस्तान पर फिर होगी एयर स्ट्राइक? मसूद अजहर, हाफिज सईद और सलाउद्दीन के नए ठिकानों की तलाश शुरू



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर में जैश ए मोहम्मद, लश्करे तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के मुख्यालय समेत बड़े ठिकानों को ध्वस्त करने के बाद सुरक्षा एजेंसियां आतंकियों के नए ठिकानों की तलाश में जुट गई है। जरूरत पड़ी और वक्त मुफीद हुआ तो उन्हें भी निशाना बनाया जा सकता है। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, भारत की संभावित कार्रवाई को देखते हुए पाकिस्तान ने पहले ही मसूद अजहर, हाफिज सईद और सैयद सलाउद्दीन समेत बड़े आतंकियों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा दिया था। इसके अलावा गुलाम कश्मीर के लांच पैड पर मौजूद आतंकियों को भी सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा दिया गया था।

अब आतंकी के आकाओं की बारी- सुरक्षा एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आतंकियों के लिए अति सुरक्षित माने जाने वाले इन ठिकानों को ध्वस्त कर भारत ने एक बड़ा संदेश तो दे दिया है, लेकिन आतंकी आकाओं को खत्म करने का काम बच गया है।

उनके अनुसार ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों की सही संख्या के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। लेकिन शुरुआती अनुमान में इनकी संख्या 300 से अधिक होने की बात सामने आ रही है। बहावलपुर में हुए हमले में मसूद अजहर के परिवार के 10 से 13 सदस्यों के मारे जाने की भी जानकारी मिल रही है। परिवार के सदस्यों की मौत से आहत मसूद अजहर खुद की मौत की कामना कर रहा है।

वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के लिए आतंकियों के नए ठिकाने तैयार करना भी आसान नहीं होगा। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित आतंकी ठिकाने सुरक्षित माने जाते थे। इसके साथ ही अफगानिस्तान से सटे खैबर पख्तूनवां में भी पहले आतंकियों के कुछ छोटे-छोटे कैंप थे। लेकिन तालिबान के साथ तनातनी और तहरीके तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के मजबूत होने के बाद उन कैंपों को बंद कर आतंकियों को पंजाब और कश्मीर के कैंपों में शिफ्ट कर दिया गया था।

## प्रवीण सूद बने रहेंगे सीबीआई के डायरेक्टर, सरकार ने एक साल का दिया सेवा विस्तार




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो साल के कार्यकाल के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था।

अधिकारियों ने बताया कि उनका कार्यकाल बढ़ाने का फैसला सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक में लिया गया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे।

1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं सूद- चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 24 मई से आगे एक साल की अवधि के लिए सूद के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दी। सूद कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। जब उन्हें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का निदेशक नियुक्त किया गया, तब वे कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में कार्यरत थे। 1964 में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में जन्मे सूद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद 22 साल की उम्र में आईपीएस में शामिल हुए।

न्यूयॉर्क से भी हासिल की डिग्री- उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु और न्यूयॉर्क में सिरैक्यूज़ विश्वविद्यालय के मैक्सवेल स्कूल ऑफ़ गवर्नेंस से स्नातकोत्तर की डिग्री भी प्राप्त की है। अपने व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए जाने जाने वाले सूद ने उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों से जुड़े हाई प्रोफाइल मामलों और अंतर-राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों की जांच की निगरानी की थी।

## पिक्चर अभी बाकी है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूर्व आर्मी चीफ ने बढ़ाया सस्पेंस; टेंशन में पाकिस्तान



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने सैन्य कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 9 स्थानों पर मिसाइल से हमला कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। पाकिस्तान में चार और पीओके के पांच स्थानों को भारतीय सेना ने निशाना बनाया और आतंकियों के मुख्यालय और कैंपों को ध्वस्त कर दिया।

मनोज नरवणे ने क्या पोस्ट किया- भारत की ओर से हुए हमले के बाद भारत के 28वें चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ रहे मनोज नरवणे ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, पिक्चर अभी बाकी है। मनोज नरवणे ने सिर्फ इतना ही पोस्ट किया है, यानी कि इसके आगे या पीछे उन्होंने कुछ नहीं लिखा है। बता दें, मनोज नरवणे एक्स चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ हैं। भारत की ओर से की गई एयर स्ट्राइक के बाद उन्होंने यह पोस्ट किया है।

महिला अधिकारियों ने लीड की प्रेस ब्रीफिंग- बता दें, बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे प्रेस ब्रीफिंग हुई, जिसमें बताया गया कि मंगलवार देर रात 1 से 1.30 बजे के बीच एयर स्ट्राइक की गई थी। इस प्रेस ब्रीफिंग को महिला अधिकारियों ने लीड किया था।

कर्नल सौफिया कुरैशी ने कहा, पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। 9 आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार ने इस ऑपरेशन के दौरान किसी भी सिविलियन को नुकसान न हो इसका पूरा ध्यान रखा।

रक्षा मंत्रालय ने की पुष्टि- भारतीय रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि भारतीय सशस्त्र 6लों ने ऑपरेशन सिंदूर सैन्य अभियान शुरू किया और इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण एकादशी

## संपादकीय

# भारत की रणनीतिक तैयारी घटना के दिन से ही शुरू हो गई थी



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पर टिकी हुई थी कि पहलगाम में मारे गए 26 सैलानियों का जवाब दोषियों उनके आकाओं योजनाक़ारो सहयोगियों को किस तरह देगा, क्योंकि भारत की रणनीतिक तैयारी घटना के दिन से ही शुरू हो गई थी। रणनीतिक रूप से मीटिंगों का दौरा,अंतर्राष्ट्रीय देशों से सलाह मशविरा फिर 7 मई 2025 को पूरे भारत के 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल को आयोजित किया गया था, परंतु उसके कुछ घंटे के पूर्व ही रात्रि करीब 1.44 ए.एम पर पाकिस्तान पर भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सफल टारगेटेड सर्जिकल स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया, यह हमला बहावलपुर कोटली और मुजफ्फराबाद में किया गया है, जिसमें सभी आतंकी कैंप तबाह हो गए हैं। कार्रवाई को सफलता से अंजाम दिया गया, इसके पश्चात रात्रि में ही एक्सः पोस्ट पर सभी संदेश आना शुरू हो गए मैंने सुबह 6 बजे तक लगातार मीडिया चैनलों पर नज़र गाड़ाए रखा था तो सुबह 2.46 बजे राजनाथ सिंह का एक्सः पर पोस्ट आया भारत माता की जय,वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका चतुर्वेदी का का 3 बजे के बाद पोस्ट आया माथे का सिंदूर मिटने वालों को उसका जवाब देकर रहेंगे, जय जवान! जयहिंदुस्तान! जय हिंद! इसी प्रकार तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,आदित्य ठाकरे इत्यादि के सुबह 4 बजे के आसपास बयान आना शुरू हो गए।

मेरा मानना है कि इस सर्जिकल स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर इसलिए रखा गया होगा, क्योंकि पहलगाम में अनेकों भारतीय बेटियां अपना हनीमून मनाने गई थी जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, उनका सिंदूर उजड़ गया था उनसे जात धर्म पूछकर उनके पतियों को मार गिराया गया था, इसलिए इस ऑपरेशन के जरिए उन बेटियों को इंसाफ देने की थोड़ी सी कोशिश की गई है यानी यूं कहें कि यह तो केवल टेलर है अब खेला तो शुरू होगा। चूँकि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर सफ़ल टारगेटेड कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त कर दिया है, जिससे भारत नें आतंकवाद के खिलाफ़ अपनी लड़ाई को नया आयाम दिया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुसकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ऑपरेशन सिंदूर- भारत ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के कुछ घंटे पूर्व की कार्रवाई हुई। साथियों बात अगर हम दिनांक 7 मई 2025 को अर्ली मॉर्निंग सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के कुछ घंटे पहले पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल एयर स्ट्राइक की करें तो, भारत ने पाकिस्तान पर की एयर स्ट्राइक,9 आतंकी ठिकानों पर किया हमला।भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड स्ट्राइक की है। यह कार्रवाई 6 मई 2025 की देर रात डेढ़ बजे के आसपास अंजाम दी गई। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने अत्यन्त सटीक और सावधानीपूर्वक इन ठिकानों को निशाना बनाया है।पीआईबी ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर की प्लानिंग को बहुत ही रणनीतिक रूप से तैयार किया गया ताकि आतंकवादियों की गतिविधियों को करारा जवाब दिया जा सके, इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं को नहीं छुआ गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्रवाई का असल मकसद आतंक को खत्म करना है,न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बढ़ाना, वायु सेना की तरफ से ये स्ट्राइक भारत के कमोबेश 300 लोकेशन पर होने वाले मॉक ड्रिल से कुछ घंटे पहले किया गया है।

# वासुदेव चापेकर



गिरिजा देवी भारत की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका हैं। उन्हें ठुमरी की रानी कहा जाता है। वे बनारस घराने से सम्बन्धित हैं। गायकी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1972 में पद्मश्री और वर्ष 1989 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था। गिरिजा देवी संगीत नाटक अकादमी द्वारा भी सम्मानित की जा चुकी हैं।

### जन्म तथा शिक्षा

गिरिजा देवी का जन्म 8 मई, 1929 को कला और संस्कृति की प्राचीन नगरी वाराणसी (तत्कालीन बनारस) में हुआ था। उनके पिता रामदेव राय एक ज़मींदार थे, जो एक संगीत प्रेमी व्यक्ति थे। उन्होंने पाँच वर्ष की आयु में ही गिरिजा देवी के लिए संगीत की शिक्षा की व्यवस्था कर दी थी। गिरिजा देवी के प्रारम्भिक संगीत गुरु पण्डित सरयू प्रसाद मिश्र थे। नौ वर्ष की आयु में पण्डित श्रीचन्द्र मिश्र से उन्होंने संगीत की विभिन्न शैलियों की शिक्षा प्राप्त की। इस अल्प आयु में ही एक हिन्दी फ़िल्म याद रहे में गिरिजा ने अभिनय भी किया था। गिरिजा देवी के गुरु पंडित सरजू प्रसाद मिश्र शास्त्रीय संगीत के मूर्धन्य गायक थे। गिरिजा जी कि खनकती हुई आवाज़ जहाँ दुसरी गायिकाओं से उन्हें विशिष्ट बनाती है, वहीँ उनकी ठुमरी, कजरी और चैती में बनारस का ख़ास लहज़ा और विशुद्धता का पुट उनके गायन में विशेष आकर्षण पैदा करता है।

### प्रथम प्रदर्शन

उनका विवाह 1946 में एक व्यवसायी परिवार में हुआ था। उन दिनों कुलीन विवाहिता स्त्रियों द्वारा मंच प्रदर्शन अच्छा नहीं माना जाता था। 1949 में गिरिजा देवी ने अपना पहला प्रदर्शन इलाहाबाद के आकाशवाणी केन्द्र से किया। यह देश की स्वतंत्रता के तत्काल बाद का उन्मुक्त परिवेश था, जिसमें अनेक रूढ़ियाँ टूटी थीं। संगीत के क्षेत्र में पण्डित विष्णु नारायण भातखंडे और पण्डित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर ने स्वतंत्रता से पहले ही भारतीय संगीत को जन-जन में प्रतिष्ठित करने का जो आन्दोलन छेड़ रखा था, उसका सार्थक परिणाम देश की आज़ादी के पश्चात् तेज़ीसे दृष्टिगोचर होने लगा था।

### संगीत यात्रा

गिरिजा देवी को भी अपने युग की रूढ़ियों के विरुद्ध कठिन संघर्ष करना पड़ा। 1949 में आकाशवाणी से अपने गायन का प्रदर्शन करने के बाद उन्होंने 1951 में बिहार के आरा में आयोजित एक संगीत सम्मेलन में गायन प्रस्तुत किया। इसके बाद गिरिजा देवी की अनवरत संगीत यात्रा शुरू हुई, जो आज तक जारी है। गिरिजा जी ने स्वयं को केवल मंच-प्रदर्शन तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि संगीत के शैक्षणिक और शोध कार्यों में भी अपना योगदान किया। 80 के दशक में उन्हें कोलकाता स्थित आई.टी.सी. संगीत रिसर्च एकेडमी ने आमंत्रित किया। यहाँ रह कर उन्होंने न केवल कई योग्य शिष्य तैयार किये, बल्कि शोध कार्य भी कराए। 90 के दशक में गिरिजा देवी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से भी जुड़ीं। यहाँ अनेक छात्र-छात्राओं को प्राचीन संगीत परम्परा की दीक्षा दी।

### गायन शैली

शास्त्रीय और उप-शास्त्रीय संगीत में निष्णात गिरिजा देवी की गायकी में सेनिया और बनारस घराने की अदायगी का विशिष्ट माधुर्य, अपनी पाम्परिक विशेषताओं के साथ विद्यमान है। ध्रुपद, ख़्याल, टप्पा, तराना, सदरा, ठुमरी और पारम्परिक लोक संगीत में होरी, चैती, कजरी, झूला, दादरा और भजन के अनूठे प्रदर्शनों के साथ ही उन्होंने ठुमरी के साहित्य का गहन अध्ययन और अनुसंधान भी किया है। भारतीय शास्त्रीय संगीत के समकालीन परिदृश्य में वे एकमात्र ऐसी वरिष्ठ गायिका हैं, जिन्हें पूरब अंग की गायकी के लिए विश्वव्यापी प्रतिष्ठा प्राप्त है। गिरिजा देवी ने पूरबी अंग की कलात्मक विरासत को अत्यन्त मोहक और सौष्ठवपूर्ण ढंग से उद्घाटित करने का महती काम किया है। संगीत मे उनकी सुदीर्घ साधना हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के मूल सौन्दर्य और सौन्दर्यमूलक ऐश्वर्य की पहचान को अधिक पारदर्शी भी बनाकर प्रकट करती है।

### ठुमरी की रानी

गिरिजा देवी आधुनिक और स्वतंत्रता पूर्व काल की पूरब अंग की बोल-बनाव ठुमरियों की विशेषज्ञ और संवाहिका हैं। आधुनिक उपशास्त्रीय संगीत के भण्डार को उन्होंने समृद्ध किया है। उनकी उप-शास्त्रीय गायकी में परम्परावादी पूरबी अंग की छटा एक अलग ही सम्मोहन पैदा करती है। ख़्याल गायन से कार्यक्रम का आरम्भ करने वाली गिरिजा जी ठुमरी, चैती, कजरी, झूला आदि भी उतनी ही तन्मयता और ख़ूबसूरती से गाती हैं कि श्रोता झूम उठते हैं। उनकी एक कजरी बरसन लगी बहुत प्रसिद्ध हुई थी। अपने गायन में दक्ष होने के कारण ही गिरिजा देवी को ठुमरी की रानी भी कहा जाता है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि- मैं भोजन बनाते हुए रसोई में अपनी संगीत कि कॉपी साथ रखती थी और तानें याद करती थी। कभी-कभी रोटी सेकते वक़्त मेरा हाथ जल जाता था, क्योंकि तवे पर रोटी होती ही नहीं थी। मैंने संगीत के जुनून में बहुत बार उँगलियाँ जलाई हैं।



# ऑपरेशन सिंदूर की हीरो सोफिया कुरैशी कौन हैं, जानिए कितनी मिलती है इन्हें सैलरी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के आतंकवादी की नींद हराम हो गई। पड़ोसी देश में मौजूद कल 9 आतंकी गुटों पर हवाई हमला किया गया। ये हमला ऑपरेशन सिंदूर के तहत किया गया। इस ऑपरेशन के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी की अहम भूमिका रही है।

कल रात से ऑपरेशन सिंदूर ऐसा नाम बन गया है, जो सुर्खियों में चल रहा है। चलिए जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी को कितनी सैलरी मिलती है।

सोफिया कुरैशी को कितनी मिलती है सैलरी- कर्नल सोफिया कुरैशी ने साल 1999 में ओटीए (ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी) से ट्रेनिंग लेने के बाद लेफ्टिनेंट के रूप में शामिल हुई थी। उन्होंने इससे पहले उत्तर-पूर्व भारत के बाढ़ राहत पर भी अहम भूमिका निभाई है।

अगर उनकी सैलरी की बात करें तो उनकी बेसिक सैलरी ही 1,21,200 - 2,12,400 के बीच है। इसके अलावा भी भारत सरकार की ओर से उन्हें कई तरह के भत्ते और बेनिफिट दिए जाते हैं।

क्या-क्या मिलता है भत्ता- बेसिक पे के अलावा कर्नल सोफिया कुरैशी को महंगाई भत्ता भी दिया जाता है, जो चल रही महंगाई पर निर्भर करता है।

इसके अलावा उन्हें मिलिट्री सर्विस पे के तौर पर हर महीने 15,500 रुपये दिए जाते हैं। यह राशि Brigadier रैंक के नीचे सभी अधिकारियों को मिलती है।

वहीं सभी आर्मी वालों को घर के लिए एचआरए दिया जाता है। इसके अलावा आर्मी पर्सन कितने रिस्क वाले एरिया में काम कर रहा है, इसके आधार पर Field Area Allowance दिया जाता है। ये आमतौर पर 10,500 रुपये से लेकर 25000 रुपये तक होते हैं।

इसके अलावा 3600 रुपये से 7200 रुपये तक ट्रांसपोर्ट अलाउंस या भत्ता दिया जाता है। ये लोकेशन पर निर्भर करता है। वहीं अगर कोई स्पेशन फोर्स यूनिट में काम करता है, तो उसे 25,000 रुपये तक दिए जाते हैं।

कर्नल सोफिया कुरैशी कौन हैं- सोफिया का जन्म साल 1981 में गुजरात के वडोदरा में हुआ। वे मूल रूप से यहीं की रहने वाली है। उन्होंने बायोकेमिस्ट्री में पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा कर साल 1999 में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से ट्रेनिंग ली।

## हर शेयर पर 229 डिविडेंड का ऐलान, शेयर खरीदने की मची लूट, झटके में 6500 चढ़ गया भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। टायर बनाने वाली कंपनी MRF लिमिटेड के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4.8% चढ़कर 141505 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। इसका पिछला बंद प्राइस 134964.40 रुपये था। यानी आज एक ही में इस शेयर में 6,540 रुपये से अधिक की तेजी दर्ज की गई। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के शानदार नतीजे और अब का सबसे अधिक डिविडेंड देने का ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने आज अपने मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए 229 रुपये प्रति शेयर के अंतिम डिविडेंड की घोषणा की है। 10 रुपये के फेस वैल्यू पर डिविडेंड 2290% होगा। एमआरएफ लिमिटेड ने बुधवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के लिए अपने समेकित शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 32.99 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। समीक्षाधीन तीन महीनों के दौरान, लाभ पिछले वर्ष की इसी अवधि के 370.52 करोड़ रुपये के मुकाबले 492.74 करोड़ रुपये रहा। टायर निर्माता का परिचालन से राजस्व वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 11.43 प्रतिशत बढ़कर 7,074.82 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6,349.36 करोड़ रुपये था। कुल व्यय भी बढ़ा, जो साल-दर-साल 10.33 प्रतिशत बढ़कर 6,526.87 करोड़ रुपये हो गया।

## पाकिस्तान से युद्ध की आहट के बीच विदेशी निवेशकों ने बढ़ाई खरीदारी या निकाल लिए पैसे?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में आतंकवादी हमले का भारतीय शेयर बाजारों पर अभी कोई निगेटिव असर देखने को नहीं मिला है। हमले वाले दिन से तुलना करें तो सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा और एनएसई 50 करीब 225 अंक ऊपर हैं। बुधवार को भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद बाजार स्थिर बने हुए हैं। इसका एक प्रमुख कारण भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों का भरोसा है।

पहलगाम हमला 22 अप्रैल को हुआ था। उसके बाद 6 मई तक 9 ट्रेडिंग सेशन में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इक्विटी में 26,035 करोड़ रुपये का निवेश किया। एक दिन भी ऐसा नहीं रहा जब FPI निवेश निगेटिव हुआ हो। हमले से पहले 15 अप्रैल को FPI ने इक्विटी से 2,352 करोड़ रुपये निकाले थे। उसके बाद से उनका निवेश रोजाना पॉजिटिव बना हुआ है। हमले के दिन 22 अप्रैल को सेंसेक्स 79,595.59 पर बंद हुआ था। हमले की खबर आने के बावजूद अगले दिन सेंसेक्स 520 अंकों की बढ़त के साथ 80,116.49 पर बंद हुआ।

लगभग यही स्थिति नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की रही। इसका हस्थ 50 इंडेक्स 22 अप्रैल को 24,167.25 पर बंद हुआ था। अगले दिन यह 161 अंक बढ़कर 24,328.95 पर बंद हुआ।

बुधवार को जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए तो उसके बाद पाकिस्तान के शेयर बाजार में तो गिरावट का माहौल है, लेकिन भारतीय बाजार स्थिर बने हुए हैं। दोपहर 1.00 बजे सेंसेक्स 80,655 और हस्थ 50 इंडेक्स 24,392 पर थे। पहलगाम हमले के दिन 22 अप्रैल को शेयर बाजार में लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 428.15 लाख करोड़ रुपये था। हमले के अगले दिन, यानी 23 अप्रैल को मार्केट कैप 431.27 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया था। हालांकि उसके बाद मार्केट कैप में किसी दिन बढ़त रही तो किसी दिन गिरावट भी हुई।

## ये लिस्टेड कंपनी बनाती है भारतीय सेना के लिए हैंड ग्रेनेड, ड्रोन से लेकर मिसाइल तक, क्या आपने सुना इसका नाम?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर के जरिए ले लिया है। सेना ने न सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा में घुसकर आतंकवाद के केंद्रों को तबाह कर दिया। तिलमिलाया पाकिस्तान भी पलटवार की बात कर रहा है, ऐसा हुआ तो युद्ध के हालात बन सकते हैं। इसे लेकर भारत पूरी तरह तैयार है।

दरअसल, भारत अपने हथियारों के लिए पाकिस्तान की तरह आयात पर निर्भर नहीं है। बल्कि देश की कंपनियां भी सेना को एक से एक हथियार सप्लाई करती हैं। आज हम आपको ऐसी की एक कंपनी के बारे में बताने जा रहे हैं। यह लिस्टेड कंपनी भारतीय सेना को हैंड ग्रेनेड से लेकर मिसाइल तक की सप्लाई करती है। यह कंपनी है सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड।

कौन-कौन से हथियार बनाती है सोलर इंडस्ट्रीज- इस कंपनी ने 1996 में एक्सप्लोसिव और डेनोटर के उत्पादन से शुरुआत की थी। 2011 में इसने डिफेंस सेक्टर में कदम रखा। आज यह कंपनी हैंड ग्रेनेड, टीएनटी, रॉकेट, मिसाइल के वॉरहेड तक बनाती है। कंपनी ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर बनाने वाली पहली प्राइवेट कंपनी है। इसके अलावा, कंपनी एचएमएक्स, पायरो प्रोपेलेंट, पिनाका रॉकेट की असेंबली, मल्टीमोड हैंड ग्रेनेड का भी निर्माण करती है।

## पाकिस्तान पर स्ट्राइक के बाद क्या रहा सोने का भाव, चांदी के दाम में भी हुआ बदलाव




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध जैसी स्थिति बनती नजर आ रही है। इस बीच दोनों ही देशों की अर्थव्यवस्था पर सभी का ध्यान जा रहा है। राहत की बात ये है कि भारतीय शेयर बाजार पर इस खबर का असर नहीं दिख रहा है।

ये देखा गया है कि जब कभी कहीं युद्ध जैसी स्थिति बनती है, या विश्व अर्थव्यवस्था पर तनाव ज्यादा बढ़ जाता है, तब सोने की कीमत पर सबसे ज्यादा असर दिखता है। ऐसे समय में लोग ज्यादा से ज्यादा सोने में निवेश करते हैं, क्योंकि सोना ऐसी स्थिति में सुरक्षित निवेश माना जाता है। लेकिन, पाकिस्तान पर स्ट्राइक का सोने के दाम पर खास असर नहीं पड़ा है। आज एमसीएक्स पर सोने का दाम गिरा है।

एमसीएक्स पर आज दोपहर 1:37 बजे 24 कैरेट सोने का दाम 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है। इसकी कीमत में 559 रुपये की गिरावट आई है। वहीं पिछले महीने सोने का दाम जीएसटी समेत 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया था। सोने पर 3 फीसदी जीएसटी लगता है।


7 अप्रैल के दिन चांदी के दाम भी मामूली गिरावट आई है। एमसीएक्स पर चांदी का दाम 78 रुपये गिरा है। दोपहर 1:41 बजे चांदी की कीमत 96,552 रुपये प्रति किलो चल रही है।

गहना बनाने के लिए कितना कैरेट सही है- अगर आप सोने से कोई आभूषण या गहने बनाना चाहते हैं, तो 22 कैरेट सबसे बेस्ट माना जाता है। इसकी वजह ये है कि 24 कैरेट सोने में लचीलापन अधिक होता है। इसलिए इसके टूटने का डर रहता है। लोग ज्यादातर सोने का आभूषण या गहने बनाने के लिए 22 कैरेट सोने का उपयोग करते हैं।

22 कैरेट में लगभग 91.67 फीसदी सोना होता है। बाकी इसमें अन्य धातुओं का मिश्रण होता है। इससे ये आभूषण बनाने के लिए कठोर बन जाता है। इसमें अन्य धातु जैसे जस्ता, निकल इत्यादि का मिश्रण होता है।

इस डिजिटलाइज दुनिया में आज आप फोन और इंटरनेट के माध्यम से गोल्ड आसानी से खरीद सकते हैं। डिजिटल गोल्ड के जरिए आप 10 रुपये में भी सोना खरीद सकते हैं। हालांकि आपको इसमें 10 रुपये जितना ही गोल्ड मिलता है।

## पाकिस्तान पर स्ट्राइक से बेअसर रहा भारतीय शेयर बाजार



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमूमन ऐसी घटनाओं से देश के स्टॉक मार्केट टूट जाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। भारतीय बाजार थोड़ी गिरावट के साथ खुले, लेकिन जल्द ही गिरावट से रिकवरी कर ली। खबर लिखे जाने तक भारतीय बाजार सपाट कारोबार कर रहे थे। वहीं, पाकिस्तानी शेयर बाजार बुरी तरह टूट गए। कराची केएसई 100 अभी लिखते समय 12.29 बजे 2856 अंक टूटकर 110,711 पर कारोबार कर रहा है।

अभी लिखते समय सुबह 12ः32 बजे भारतीय शेयर बाजार का बीएसई सेंसेक्स 9 अंक चढ़कर 80,645 पर कारोबार कर रहा है। ये आज मामूली बढ़त के साथ ट्रेड कर रहा हैइसके अलावा एनएसई निफ्टी 12 अंक की मामूली तेजी के साथ 24,392 पर ट्रेड कर रहा है। इसमें 0.05 फीसदी की बढ़त आई है। इससे ये कहा जा सकता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही लड़ाई का भारतीय शेयर बाजार पर असर नहीं हो रहा।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# समदड़िया माल में गिरे बम, पांच घायल, आग लगी, पांच घायल, रेस्क्यु टीम ने घायलों को सुरक्षित निकाला

जबलपुर। शहर के बीचों बीच स्थित समदड़िया माल में शाम करीब चार बजे एक के बाद एक दो बम गिरे। बम के धमाकों से माल की ऊपरी मंजिल पर आग लग गई। माल के प्रथम तल पर स्मोक बम भी आग गिरा और चारों तरफ धुंआ ही धुंआ हो गया। माल में चीख-पुकार के साथ भगदड़ मच गई। मॉल में हमले की खबर मिलते ही सायरन बज उठे। एक-एक कर पुलिस, एंबुलेंस, नगर निगम के फायर फाइटर के वाहन सायरन बजाते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए। एनडीआरएफ की टीम भी आ गई। मॉल में फंसे लोगों को जमीन पर लेटने, टेबिल मेच के नीचे छिपने की सलाह देते हुए उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यु शुरू हो कर दिया।

चारों तरफ बारूद का धुंआ फैलने से लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी लिहाजा लोगों को मास्क दिए गए और कपड़े से मुंह ढंकने की सलाह दी गई।



नगर निग के फायर फाइटर वाटर वाउचर से पानी की बौछारें कर आग बुझाने में जुटे रहे।

जबकि पुलिस और होमगार्ड के जवान सहित अन्य रेस्क्यु दल अन्य कर्मचारी माल में फंसे लोगों को सुरक्षित बहार निकालने में जुट गए।

आम नागरिकों ने भी मदद के लिए हाथ बढ़ाए और घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

पुलिस की एक टीम ने क्षेत्र की घेराबंदी के लिए सुरक्षा चक्र बनाना शुरू कर दिया है तत्काल पुलिस ने प्लास्टिक की रिबन से क्षेत्र को कवर कर दिया है।

ताकि एक सुरक्षित दूरी बनी रहे और किसी बाहरी व्यक्तियों को नुकसान न पहुंचे। दरअसल ये सीन सिविल डिफेंस माकड्रिल का था।

पहलगांव में आतंकी हमले के बाद भारत-पाक के बीच बने तनाव के हालात पर देश में सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही नागरिकों की सुरक्षा को भी परखा जा रहा था।

सिविल डिफेंस माक ड्रिल का उद्देश्य हवाई हमलों और आतंकी गतिविधियों जैसे आपातकालीन हालात में देश की प्रतिक्रिया प्रणाली को परखना है।

पहलगाम हमले के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया गया है। इस अभ्यास में सभी स्तरों पर नागरिकों की भागीदारी से सामूहिक जागरूकता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

इसी कड़ी में बुधवार को जबलपुर में समड़िया माल सहित गोहलपुर गारमेंट क्लस्टर, गोरखपुर थाना और सिहोरा में इसी तरह की मॉकड्रिल की गई।

स्ट्रेचर कम पड़े तो कंधों पर उठाकर लाए

माक ड्रिल के तहत हुए सिविल डिफेंस की टीम सक्रिय हो गई थी। कलेक्टर, एसपी सहित निगमायुक्त भी पहुंच गए थे।

एनडीआरएफ, एनसीसी कैडेट्स और होमगार्ड के जवान बचाव एवं राहत कार्य में जुटे रहे। धमाके में धुएं के कारण माल के अंदर कई लोगों का दम घटने लगा तुरंत सिविल डिफेंस की टीम में सदस्य ने अनाउंसमेंट करते हुए लोगों को बचाव के तरीके बताए। रास्ता खाली कराया गया।

आकस्मिक रास्ते से धमाके में घायल हुए लोगों को बाहर निकल गया एंबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

माक ड्रिल के दौरान मरीज को निकालने के तरीके से लेकर उन्हें अस्पताल पहुंचने तक के तमाम पहलुओं पर अभ्यास किया गया।

# रतलाम में दंपती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, 4 महीने पहले की थी शादी

रतलाम। नामली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचेड़ में नवविवाहत दंपती अपने घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले। उनके फंदे पर लटकने का कारण पता नहीं चल पाया है। माना जा रहा है कि दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी। दोनों ने चार माह पहले ही शादी की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय जितेंद्र निवासी बागड़ी मोहल्ला पंचेड़ ने करीब चार माह पहले उज्जैन जिले के नागदा निवासी 21 वर्षीय दुर्गा से विवाह किया था। वे दोनों मंगलवार देर रात घर में सो गए थे। जितेंद्र के पिता अंबाराम घर के बाहर पलंग पर सोए थे।बुधवार सुबह करीब सात बजे तक जितेंद्र व दुर्गा नहीं जागे, तो अंबाराम ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसी बीच परिवार के दूसरे लोग भी आ गए। उन्होंने दरवाजे को धक्का देकर



जितेंद्र व उसकी पत्नी बल्ली से बंधे फंदे पर लटके देखा। दोनों के शव फंदे से नीचे उतारकर आसपास को लोगों को जानकारी दी।

सूचना मिलने पर रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला, नामली थाना प्रभारी पतिराम डावरे, एसआइ केके पटेल व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस न घर में जाकर शवों व घटना स्थल की जांच की। उसके बाद शवों को एक लोडिंग वाहन से पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

मजदूरी करता था युवक

जितेंद्र के परिजन ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र मजदूरी करता था। चार माह पहले ही दुर्गा से स्टाम्प पेपर पर लिखापढ़ी कर विवाह किया था। पिता अंबाराम ने बहू दुर्गा की यह दूसरी शादी थी। दुर्गा के पहले पति का निधन हो चुका है।

दुर्गा के माता-पिता नहीं हैं। वह उसके काका के साथ रहती थी। जितेंद्र व दुर्गा के बीच कोई विवाद नहीं था। उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, समझ में नहीं आ रहा।

दंपती के फांसी के फंदे पर लटकने का कारण पता नहीं चला है। उनके बारे में जनकारी जुटाई जा रहे है और सभी एंगल से मामले की जांच की जा रही है।

**-अमित कुमार, एसपी**

## रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी का एक और कारनामा, सेकंड ईयर के पेपर में पूछ लिए फर्स्ट् ईयर के सवाल



जबलपुर । रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में बुधवार को एक बार फिर परीक्षा में लापरवाही सामने आई। विश्वविद्यालय ने द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सवाल पहले वर्ष के पूछ डाले। परीक्षा के दौरान जब परीक्षार्थियों ने गौर से पेपर के प्रश्न पढ़े तो उन्हें गड़बड़ी लगी। इसके बाद केंद्रों से धड़ाधड़ परीक्षा विभाग के पास फोन पहुंचने लगे। प्रशासन ने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अफसर और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाही करने का दावा किया है।

क्या है मामला- बुधवार की सुबह सात बजे से बीए द्वितीय वर्ष इतिहास का पेपर होना था। केंद्रों में परीक्षा समय पर प्रारंभ हुई पेपर बांटे गए। पेपर जब छात्रों के हाथों में आया तो उन्होंने प्रश्नों को लेकर आपत्ति की। विशेषज्ञों ने जांचा तो पाया कि पेपर तो द्वितीय वर्ष का है, लेकिन सवाल प्रथम वर्ष के पूछे गए हैं। जानकीरमण कॉलेज, बरगी, कुंडम, कटंगी समेत कई कॉलेजों से इस संबंध में शिकायत पहुंची है।मॉडरेशन नहीं करवाने का नतीजा

गोपनीय विभाग से प्रश्न पत्र तैयार करवाए जाते हैं। पेपर बनाने वाले के अलावा छपने से पहले इसकी जांच पड़ताल होनी चाहिए। विषय के विशेषज्ञ शिक्षक मॉडरेशन करते हैं, यह प्रक्रिया नई शिक्षा नीति के बाद से प्रशासन ने बंद कर दी है।

जिस वजह से पेपर परीक्षा से पूर्व जांचे नहीं जा रहे हैं। इस वजह से लगातार परीक्षा के दौरान पेपर में गड़बड़ी होने की शिकायत मिल रही है। कभी पेपर में हिंदी के अलावा अंग्रेजी अनुवाद नहीं होता है तो कभी कोई शाब्दिक त्रुटि होती है, जिस वजह से विद्यार्थियों को परीक्षा देने में परेशानी होती है। लगातार इसकी शिकायत भी की जा रही है।

हमारे पास आई शिकायत

परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि मिश्रा ने कहा कि हमारे पास सेंटर से प्रश्न पत्र को लेकर शिकायत मिली है हम इसकी जांच करवा रहे हैं और जिम्मेदारों को नोटिस भी दिया जाएगा। छात्र हित में ही फैसला लिया जाएगा।

**अयोग्य प्रशासक है वजह-** एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने इस मामले में सीधे विश्वविद्यालय प्रशासन को घेरा है। सचिन ने आरोप लगाया कि जिस संस्थान का मुखिया ही गलत तरीके से नियुक्त होकर कुर्सी पर बैठा हो वहां इस तरह की समस्या निरंतर आएगी।

## ग्वालियर एयरपोर्ट दो दिन के लिए बंद, सभी फ्लाइट कैंसल, अलर्ट पर महाराजपुरा एयरबेस

ग्वालियर। मध्य प्रदेश ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट से दो दिन के लिए सभी उड़ानों को बंद रखा गया है। एयरपोर्ट के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी शेयर की गई है। दरअसल पाकिस्तान में आतंकियों पर




जानकारी के मुताबिक पिछले बार बालाकोट में किए गए स्ट्राइक के बाद ग्वालियर का महाराजपुरा एयरफोर्स स्टेशन अलर्ट पर है।

महाराजपुरा एयरफोर्स बेस सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। की गई स्ट्राइक के दौरान यहीं से फायटर प्लेन को भेजा गया था। इसी एयरफोर्स बेस पर ही फाइटर पायलट ट्रेनिंग भी लेते हैं, इसके साथ ही यह फाइटर प्लेन की डॉग फाइट के लिए भी पहचाना जाता है। इस एयरबेस पर राफेल, मिग-21, मिराज और सुखाई फाइटर प्लेन की पायलट ट्रेनिंग लेते हैं। सबसे खास बात यह भी है कि महाराजपुरा एयरफोर्स स्टेशन देश के उन तीन एयरबेस में शामिल हैं, जहां भारतीय वायुसेना के सबसे अनुभवी पायलटों को ट्रेनिंग दी जाती है।



# यातायात सुधार की दिशा में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्यवाही

## यातायात अवरुद्ध करने वाली सड़कों पर बेतरतीब खड़ी 30 बसे जप्त



इंदौर। इंदौर में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में यातायात सुधार के लिये मुहिम लगातार जारी है। इस मुहिम के तहत आज बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़को पर बेतरतीब खड़ी 30 बसे जप्त की गई। ज्ञात रहे है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कल कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न बैठक में बस संचालकों को हिदायत दी थी कि वे सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से बसें खड़ी कर यातायात अवरूद्ध नहीं करें, बसों को अधिकृत स्थानों पर खड़ा किया जाये।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि आज जिला प्रशासन,क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। सड़को पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाली बसों को जप्त किया गया। मधुमिलन चौराहा, झाबुआ टॉवर, पिपलिहाना, रिंग रोड , तीन इमली चौराहा एवं गंगवाल बस स्टैण्ड पर बसों की सघन चेकिंग की गई। कार्यवाही में वाहनो के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गए । बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों ,बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसो पर कार्यवाही करते हुए 30 बसों को जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर में रखा गया है । साथ ही ट्रेवल्स/बस संचालकों से अपील की गई है कि वे अपनी बसों को निर्धारित स्थान से ही चलाए अन्यथा बसें जब्त की जाएगी। बेतरतीब, निर्धारित स्थानों से भिन्न स्थानों से संचालित बसो की जप्ती की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## सीता नवमी पर इंदौर सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की महिलाओं ने मूक-बधिर बच्चों संग रचाया भक्ति का उत्सव

इंदौर। मां जानकी के जन्मोत्सव सीता नवमी के पावन अवसर पर इंदौर की सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने एक भव्य जानकी महोत्सव का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल भक्ति और संस्कृति का संगम था, बल्कि सामाजिक समर्पण और प्रतिभा के सम्मान का भी प्रतीक बना। अनुभूति विजन केंद्र के मूक-बधिर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों और मैथिलानी समूह की महिलाओं की भक्ति भरी भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सीता के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। अनुभूति विजन केंद्र के मूक-बधिर बच्चों ने मां सीता के जीवन, उनके त्याग, पति-परायणता और जीवन मूल्यों को दर्शाते हुए रामायण की चौपाइयों का भावपूर्ण वाचन किया। इसके साथ ही मां जानकी के भजनों की सुमधुर



प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इंदौर सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की ऋतु झा, शारदा झा, सुष्मा झा, सोनी झा, श्वेता झा ने बताया कि इस अवसर पर कला, खेल, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थान के मूक-बधिर छात्र-छात्राओं को सान्या मिश्रा स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। श्रीमती झा ने कहा कि यह आयोजन समूह की समर्पित कार्यकर्ता की हाल ही में दिवंगत पुत्री सान्या मिश्रा की स्मृति को समर्पित था।

## ग्रामीणों को दिलाई गई जल संरक्षण की शपथ



इंदौर। इंदौर जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों, कुँओं, बावड़ी आदि के गहरीकरण, जीर्णोद्धार आदि के कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है। साथ ही गाँव-गाँव जनजागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत गाँवों में जल यात्रा निकाली जा रही है। ग्रामीणों से चर्चा के लिए जल संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं। ग्रामीणों को साथ लेकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के लिए श्रमदान भी किया जा रहा है।

इसी सिलसिले में गत दिवस मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सांवेर द्वारा ग्राम बरलाई जागीर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास केंद्र तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम में जल संवर्धन अभियान कार्यक्रम में जल ही जीवन है, जल है तो कल है, जल बचाओ कल बचाओ एवं जल की एक-एक बूंद की कीमत को पहचानों, जल को व्यर्थ ना बहने दें आदि की शपथ ग्रामीणों को दिलाई गई।

## कलेक्टर आशीष सिंह ने नागरिकों की समस्याओ का किया त्वरित निराकरण

इंदौर। हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक आवेदन को गंभीरता



से लें और यथासंभव तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। जिन मामलों का मौके पर निराकरण नहीं हो सका, उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर निर्धारित समय-सीमा में निराकृत करने की विशेष व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि आवेदनों का त्वरित निराकरण हो, जिससे आवेदकों को बार-बार नहीं आना पड़े।

## कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे, सभी किसानों का किया जाए गेंहू उपार्जित - मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गेंहू उपर्जान के लिए कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे और बुकिंग वाले सभी किसानों का गेंहू उपार्जित किया जाए। किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक 8 लाख 87 लाख से हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.60 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जित हुआ है। किसानों को 5 मई तक 16 हजार 472 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 81 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जन लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। यह प्रदेश के किसानों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं उपार्जन की समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में 34 लाख 93 हजार एकड़ रकबे में हुए गेंहू उपार्जन के लिए 15 लाख 44 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। प्रदेश में 3 हजार 620 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। स्लॉट बुकिंग से शेष किसानों की बुकिंग के लिए पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन किसानों से गेंहू का उपार्जन 9 मई तक किया जाएगा।


## न्याय दिलाने वाले अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान 13 को



इन्दौर। श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट द्वारा इन्दौर जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अधिवक्ता पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान समारोह मंगलवार, 13 मार्च 2025 को दोपहर 12.00 बजे रीगल तिराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल एवं समाजसेवी मदन परमालिया ने बताया कि न्याय क्षेत्र में अभिभाषकों की सेवाएं अस्मरणीय है और आप लोगों के द्वारा इस क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से न्याय से वंचित लोगों को इंसाफ दिलाने में मददगार बनते हैं। ऐसे कार्य करने वाले बार एसोसिएशन के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। आयोजन अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के सदस्य जय हार्डिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघु परमार, एडव्होकेट संतोष यादव के आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

## इंदौर में मना एयर स्ट्राइक का जश्न, 56 दुकान पर व्यापारियों ने खुशी में नहीं लिए ग्राहकों से पैसे

इंदौर। पाकिस्तान के आंतकी ठिकानों पर हुई एयर स्ट्राइक का जश्न इंदौर में मनाया गया। सुबह कई स्थानों पर लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर और नाच गा कर अपनी खुशियों का इजहार किया। इंदौर की फूड स्ट्रीट 56 दुकान पर सुबह जो लोग नाश्ता करने पहुंचे। उनसे व्यापारियों ने पैसे नहीं लिए। ग्राहकों से कहा गया कि आपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सेना ने आंतकी ठिकानों को नष्ट किया है। यह देश के लिए खुशी का पल है। यहां एनसीसी केडेट्स भी आए थे। उनका भी व्यापारी एसोसिएशन के



पदाधिकारी गुंजन जोशी ने मुंह मीठा किया। इंदौर के मेघदूत उपवन के मार्निंग वॉकर ग्रुप ने भी कराओके पर देशप्रेम से जुड़े गीत गाकर खुशियों का इजहार किया। वहीं अन्य स्थानों पर भी जश्न मना।

संत शंख बजाकर फहराएंगे तिरंगा- इंदौर के रीगल तिराहे पर संत समाज भी साथ में एयर स्ट्राइक का जश्न भी मनाएगा। महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज ने बताया कि शंख बजाकर संत रीगल तिराहे पर देश का राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके अलावा मिठाई भी बांटी जाएगी।

## अभिनय, पटकथा लेखन और फोटोग्राफी प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल समापन

इंदौर। कलाव्योम फाउंडेशन और संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित दस दिवसीय अभिनय, पटकथा लेखन और फोटोग्राफी प्रशिक्षण कार्यशाला का केके कॉलेज, विजय नगर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने बताया की इस कार्यशाला में युवाओं को सृजनात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न माध्यमों के बारे में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया



उज्जैन । श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार पटेल के नेतृत्व में एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन सिंह पंवार के मार्गदर्शन में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरवर में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार पटेल, जिला टिकाकरण अधिकारी डॉ आर.के.पाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनीष भद्रावले, जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी सुश्री परविन्दर बग्गा, जिला मुल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी सुश्री साक्षी शर्मा, समस्त संस्था प्रभारी उज्जैन ग्रामीण एवं समस्त सुपरवाईजर, डीईओ, आर.बी.एस. के चिकित्सक, बीपीएम, बीसीएम, बीईई, मलेरिया इन्सपेक्टर, टी बी. सुपरवाईजर, समस्त सी.एच.ओ. समस्त ए.एन.एम. समस्त एमपीडब्ल्यू मौजूद थे।

बैठक में सीएमएचओ द्वारा निर्देश दिए गए कि जिले में समाधान ऑनलाईन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयअवधि में त्वरीत निराकरण करें। समस्त संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र के अंतर्गत सी.एम. हेल्प लाईन की शिकायतों का मॉनीटरिंग कर त्वरित निराकरण करें। समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया कि विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की शत प्रतिशत पूर्ति हेतु संस्थावार संस्था प्रभारी एवं सुपरवाईजर प्रतिसप्ताह सप्ताह समीक्षा बैठक का आयोजन कर सुधारात्मक कार्यवाही करें। शतप्रतिशत गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. पंजीयन एवं उनको प्रदान की जाने वाली 4 ए.एन.सी. जांचो का लक्ष्य शतप्रतिशत कर हाई% रिस्क गर्भवती महिलाओं की पूर्ण निगरानी एवं प्रबंधन सुनिश्चित करें एवं अनमोल पोर्टल पर शतप्रतिशत प्रविष्ठी करें। मातृ एवं शिशु मृत्यु की 24 घंटे में रिपोर्ट कर कार्यवाही करें। संस्थागत प्रसव शतप्रतिशत करने हेतु समस्त मैदानी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव करवाने हेतु प्रेरित करें।

आरबीएस के कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य अनुसार स्क्रीनिंग कर उपचार प्रदान करवायें। नियमित टिकाकरण के अंतर्गत शिशु एवं गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत टिकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। संस्थागत प्रसव पर 0 डोज टिकाकरण शतप्रतिशत कर यूविन में इंट्री करवाना सुनिश्चित करें। आँगनवाडी में आने वाले कुपोषित बच्चों को आशा कार्यकर्ता द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता से समन्वय कर पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कर पूर्ण उपचार करवाएं। एन.सी.डी. कार्यक्रम के अंतर्गत सभी सीएचओ को शतप्रतिशत स्क्रीनिंग कर पोर्टल पर प्रविष्ठि करवाने हेतु निर्देशित किया गया एवं निगोरीकाया अभियान की ऑनलाईन प्रविष्ठी हेतु कहा गया। टीबी की निर्धारित लक्ष्य अनुसार जांच कर उपचार प्रांरभ करने हेतु कहा गया।

राष्ट्रीय वेक्टर रोग नियंत्रण (मलेरिया) कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामवाईस मूल्यांकन कर लक्ष्य अनुसार पूर्ति करने हेतु आदेशित किया गया। परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत स्थाई एवं अस्थाई साधन का मूल्याकन कर लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया।

# भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले को लेकर संस्कृति रक्षक मंच ने मनाया जश्न



उज्जैन (निप्र)। पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 लोग मारे गए थे और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।इसी का बदला लेते हुए भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत गत देर रात को पाकिस्तान मे आतंकियों के नौ ठिकानो पर मिशाइल से स्ट्राइक कर उन्हें ध्वस्त कर दिया गया।आपरेशन सिन्दूर के लिए प्रधानमंत्री मा नरेंद्र मोदी जी एवं सेना के वीर जवानों को धन्यवाद देते हुए संस्कृति रक्षक मंच के कार्यकत्ताओं ने मंच के अध्यक्ष शिवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में मोहन नगर अम्बे माता मंदिर चौराहे पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी।

यह जानकारी देते हुए संस्कृति मंच के अध्यक्ष शिवेंद्र तिवारी ने बताया की पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 लोग मारे गए थे और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।जिसके बाद से पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे थे।उसका बदला लेने के लिए देश के सारे नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से आवहन किया था।गत रात हमारी सेना ने पहलगाम हमले के 15 दिन बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पीओके में चल रहे 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूत कर यह संदेश दिया है।

पाकिस्तान समर्थित जितना भी आतंकवाद है। अगर अभी भी नहीं समझा और सम्भला तो आने वाले समय मे पाकिस्तान को भी नक्शे से खत्म करने को तैयार है। अभी तो यह शुरुआत है इस शुरुआत के चलते आतंकवाद जड़मूल से खत्म हो जिसको लेकर भारतीय सेना कोशिश कर रही है।

## वार्षिक वर्षगांठ पर खाराकुँआ जैन मंदिर पर ध्वजारोहण



उज्जैन। 7 मई वैसाख सुदी 10 को खाराकुँआ स्थित श्री सिद्धचक आराधना स्थली केसरियानाथ तीर्थ ऋषभदेव छगनीराम पेढी जैन मंदिर में श्री केशरियानायजी, श्री चंदाप्रभूजी, श्री पार्श्वनाथजी एवं श्री अजीतनाथजी भगवान की वार्षिक वर्षगांठ पर ध्वजारोहण साध्वी श्री दमयिताश्रीजी म. सा. व साध्वीश्री अमितगुणाश्रीजी म. सा., सौम्यवंदनाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में संपन्न हुआ। केशरियानाथजी ध्वजा के लाभार्थी संजयकुमार बाबूलाल नाहर परिवार, चंदाप्रभूजी की ध्वजा के लाभार्थी मनोहरलाल आदि।

# जंग अखंड भारत तक जारी रहे- निज़ामी अबकी बार, है दरकार, आर पार

उज्जैन। देश और देशवासियों के विरुद्ध निरंतर हो रही पाकिस्तानी आतंकवादी कार्यवाही का भारतीय जवाब निश्चित ही सराहनीय है। इस जंग का अंत अखंड भारत की घोषणा हो। अबकी बार, आर पार की दरकार है।



यह बात पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष अहमद रईस निज़ामी ने कही है। आपने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला और उससे पूर्व लंबे समय से देशवासी आतंकपूर्ण तनाव का शिकार चले आ रहे थे। आम नागरिकों के दिल की आवाज़ थी कि आतंकवाद के ख़िलाफ़ सख़्त कार्यवाही होना चाहिए।

निज़ामी ने कहा कि सरकार ने संयम बरतने के पश्चात सही समय पर आक्रमण कर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपने देश और देशवासियों की रक्षा हेतु पूरी तरह सक्षम है।

**आर पार की दरकार**- निज़ामी ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें अखंड भारत की दिशा में क़दम बढ़ाना चाहिए और इस बार आर पार की कार्यवाही करते हुए पाकिस्तान, कश्मीर के शेष भाग और बंगला देश को पुनः भारत का अंग बना कर अखंड भारत सुनिश्चित करना चाहिए। अखंड भारत की घोषणा ही इस जंग का अंत हो।

**अम्न के लिए जंग**- निज़ामी ने कहा कि हम हमेशा अम्न और शांति के पैरोकार रहे हैं और अब भी हैं, किंतु जब बातों से शांति स्थापित ना हो तो अपने देश की, अपनी और मानव मात्र की सुरक्षा के लिए, अम्न और शांति की स्थापना के लिए जंग अनिवार्य हो जाती है। आतंकवाद के विरूद्ध हर जंग में हम हमेशा अपने देश के साथ हैं।

# भाषा समाज को समझने का सर्वोत्तम साधन है – परवेज़ खान



उज्जैन। भाषा समाज को समझने का सर्वोत्तम साधन है। पूरे विश्व में लोगों को एक दूसरे के नजदीक लाने का काम भाषा के माध्यम से ही संभव है।

ये उद्गार जज़्बा सोशल फाऊंडेशन के समर कैंप में 7 मई को स्पोकन फ्रेंच सिखाते हुए इंदौर से तशरीफ लाए परवेज़ खान ने व्यक्त किए। आपने विश्व के अनेक देशों के अपने शैक्षणिक अनुभव बच्चों के साथ साझा किये। फरीद कुरेशी और वसीम अब्बास ने बताया कि समर कैंप में फ्रेंच भाषा सिखाने का सत्र 7 मई से शुरू हुआ। सादिक खान और हारून नागौरी ने बताया कि जामिया इस्लामिया हायर सेकंडरी स्कूल सब्जी मंडी छत्री चौक में आयोजित इस निःशुल्क समर कैंप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है। अत हर आलम अंसारी और इरशाद नागौरी ने बताया कि फ्रेंच भाषा सीखने के लिए 300 से अधिक संख्या में बच्चे प्रतिदिन इस कैंप में आ रहे हैं। मंसूर हुसैन और असलम मंसूरी ने अधिक से अधिक संख्या में बच्चों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## अंतरराष्ट्रीय रक्तक्रांति सम्मान से सम्मानित हुई मुस्कान मानव सेवा समिति खून किसी का जाति धर्म नहीं देखता- रईस खान



उज्जैन। गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय रक्तवीर सम्मान समारोह में उज्जैन की सामाजिक संस्था मुस्कान मानव सेवा समिति के अध्यक्ष रईस खान को फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा अंतरराष्ट्रीय रक्तक्रांति सम्मान समारोह 2025 से ट्रॉफी मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान रईस खान ने कहा के अपने खून से किसी की जिंदगी बचती है तो बहुत अच्छा लगता है, खून कभी जाति धर्म नहीं देखना, आप सभी भी रक्तदान किया करे, सबसे बड़ा मानव धर्म रक्तदान है। समारोह में देशभर के रक्तवीर व समाज सेवी संस्थाओं सहित विदेश से भी बड़े बड़े रक्तवीर भामाशाह को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में पधारे सभी रक्तवीर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भूपेश चौबे ने सबसे पहले देश विदेश से पधारो रक्तवीर का परिचय पूछा और सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोग अपना रक्त देकर दूसरों की जान बचा रहे हैं। आप लोग एक काबिले तारीफ कार्य कर रहे हैं। मैं आप लोगों का जितना गुणगान करूं उतना ही कम है। प्रगति फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा द्वितीय, रक्तवीर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विधायक भूपेंद्र चौबे, चेयरमैन डॉ. कमलेश मोहन, भाजपा प्रदेश के उपाध्यक्ष श्रवण सिंह आदि।

# यह मोदी का भारत है, यह नया भारत है – सांसद फिरोजिया

उज्जैन। सुन ले बेटा पाकिस्तान, बाप हैं तेरा हिंदुस्तान, अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है, भारत माता की जय, वंदे मातरम ऐसा जय घोष आज सांसद अनिल फिरोजिया के कार्यालय पर मातृशक्ति एवं युवा खिलाड़ियों द्वारा गूंजायमान किया गया। अवसर था देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व द्वारा पाकिस्तान पर मंगलवार बुधवार की देर रात की गई एयर स्ट्राइक पर सेना के मनोबल बढ़ाने का। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि यह नया भारत है और मोदी जी का भारत है। जो हम पर नजर उठाएगा उसे नेस्तनाबूद कर किया जाएगा। मोदी है तो मुमकिन है। हमारे देश की सेना ने ये बता दिया कि सिंदूर की कीमत क्या होती हैं। उन्होंने हमारी एक बहन का सिंदूर मिटाया था लेकिन सेना ने भी उन्हें उसकी कीमत बता दी है। अगर उनका भी कोई सहयोग करेगा तो उसे भी मिट्टी में मिला दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक हमले का नाम नहीं है—यह भारत की आत्मा पर लगे आघात का लहूलुहान जवाब है। यह प्रतिशोध नहीं, पराक्रम है। यह क्रोध नहीं, चेतना है। यह आधुनिक भारत की सैन्य अस्मिता का सिंदूरी हस्ताक्षर है, जिसे अब दुनिया नजरअंदाज नहीं कर सकती। इस अवसर पर भाजपा की महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं, शहर के प्रतिष्ठित नागरिक गण और युवा खिलाड़ी मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया के दशहरा मैदान स्थित कार्यालय पर मिठाई खिलाकर मातृ शक्ति ने खुशियां मनाई।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com